SHRI TIMES, LUCKOW
Friday, October 05, 2012

टीसीएस आईटी क्विज का आयोजन नौ को

शहर संवाददाता

लखनऊ। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज ने गुरुवार को आईटी सेवाएं, बीपीओ एवं आउटसोर्सिंग फर्म ने घोषणा की कि भारत में स्कूलों की सबसे बड़ी तकनीक प्रश्नोत्तरी टीसीएस आईटी डब्ल्यूआईजेड के उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड क्षेत्रीय संस्करण का आयोजन नौ अक्टूबर को इंन्द्रा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित की जाएगी।

रीजनल हेड टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज जंयत कृष्णा ने बताया कि टीसीएस आईटी क्विज का लखनऊ संस्करण उत्तराखण्ड एवं उत्तर प्रदेश के कक्षा 8 से कक्षा 12 में पढ़ रहे छात्रों के लिए होगा। कोई प्रवेश शुल्क नहीं है। प्रत्येक संस्था की अनेक टीम में भाग ले सकती है। क्षेत्रीय राउंड के उपरांत राष्ट्रीय फाइनल का दिंसबर में आयोजन किया जाएगा, जहां 14 क्षेत्रीय दौर से विजेता टीम चैंपियन खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगीं। इस साल टीसीएस आई डब्ल्यूजेट का आयोजन हैदराबाद, अहमदाबाद, बेंगलूर, भुवनेश्वर, चेन्नई, कोयम्बटूर, दिल्ली, पुणे, कोलकाता, कोच्चि, लखनऊ, नागपुर, इंदौर, दिल्ली और मुंबई में किया जाएगा। विख्यात क्विजमास्टर गिरी बालासुब्रमण्यम प्रश्नोत्तरी का संचालन करेंगे।

आयोजन के विषय में जानकारी देते टाटा कंसल्टेंसी के रीजनल हेड जयंत कृष्णा

उन्होंने बताया कि भाग लेने के लिए संबंधित संस्थाओं के माध्यम से अक्टूबर 6 या इससे पहले टीसीएस आईटी क्विज समन्वयक टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज अवध पार्क विभूति खंड को प्रविष्टिया भेजनी होगी। उन्होंने बताया कि आईटी के लिए एक महान ज्ञान के बीकन पर जिज्ञासु मन को अगली पीढ़ी के लिए पारित करने के लिए एक मंच साबित हो गया। यह मजेदार व रोमांचक है और कक्षा वातावरण के बाहर है। युवाओं के बीच प्रतिस्पर्धा एवं मजे के साथ सीखते हुए देखना हमेशा रोमांचक होता है और हम इस साल इस अदभुत यात्रा को जारी रखने के लिए तत्पर हैं।